हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

4 नवगठित नपं की प्राथमिकता होगी खेल मैदान, सड़क और प्रकाश व्यवस्था





## खबर संक्षेप

### कृष्णापुर डैम के पास जुआ खेलते तीन बंदी

**रायगढ़।** 25 फरवरी की रात कोतरारोड़ पुलिस ने कृष्णापुर डैम के पास तीन व्यक्ति जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों में परमेश्वर चौहान पिता घुरवा चौहान 32 वर्ष निवासी बांजीनपाली, राजकुमार ब्रज पिता छोटेलाल ब्रज 36 निवासी रामभांटा और तुलसी चौहान पिता भोगीलाल चौहान 30 निवासी ग्राम मल्दा थाना पुसौर शामिल हैं। पुलिस ने जुआ फड़ और आरोपियों के कब्जे से 5 हजार 600 रुपए नकद जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ कोतरारोड पुलिस नें धारा 3, 2 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत विधिवत कार्रवाई की गई है।

### 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 1 मार्च को

**रायगढ़।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा 1 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। विभिन्न विकासखंडों में परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित केंद्रों में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार खरसिया संचालित स्थान बालक आश्रम चोढ़ा, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खरसिया, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय धरमजयगढ़ शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरमजयगढ़ के पास, नराईटिकरा, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर घरघोड़ा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धरमजयगढ़, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लैलूंगा तथा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल तमनार शामिल हैं।

### हर महीने सुनवाई की तारीख बढ़ाना पड़ता है दो से तीन बार

# वीवीआईपी, वीआईपी और लॉ एंड आर्डर की ड्यूटी ऐसी कि सुनवाई नहीं कर पा रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले के रेवेन्यू अधिकारियों को वीवीआईपी, वीआईपी और लॉ एंड आर्डर की ऐसी ड्यूटी निभानी पड़ रही है कि सुनवाई करने का समय नहीं मिल पा रहा है। हालात यह है कि राजस्व के लंबित मामले में प्रदेश में रायगढ़ जिले का रेंक चौथा है। यह हम नहीं बल्कि राजस्व विभाग द्वारा विधानसभा में दी गई आंकड़ा कह रहा है। रायगढ़ जिले में अधिकांश मामले जमीन से जुड़ा होता है।

यहां सैकड़ों सरकारी और प्राइवेट परियोजनाएं संचालित है जिसके लिए जमीन अधिग्रहण से लेकर नामांतरण, बटांकन और अन्य दर्जनों काम के लिए प्रकरण दर्ज हो रहा है। इसकी सुनवाई की तारीख तो मुकर्र की जाती है, लेकिन ऐन वक्त पर उसे कैंसिल करना पड़ता है। कारण अचानक से प्रोटोकॉल आ जाता है, या अन्य कोई लां एंड आर्डर की स्थिति निर्मित हो जाती है। वर्तमान समय में राजस्व मामलों का समय पर निराकरण होना अधिकारियों के लिए चुनौती बन गया है। प्रदेश के सभी जिलों में राजस्व मामले हजारों की संख्या में लंबित हैं। इस सूची में रायगढ़ जिला चौथे स्थान पर है। जमीन का काम हो या जाति प्रमाण पत्र, हर आदमी को तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने ही पड़ते हैं। सरकार इस व्यवस्था को पारदर्शी और डिजिटाइज्ड करने का प्रयास कर रही है, लेकिन प्रकरण इतने अधिक आ रहे हैं कि पेंडेंसी कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के मामले इसमें प्रमुख है जिसकी सुनवाई के लिए तारीख पर तारीख लोगों को मिल रही है। यह सवाल विधानसभा में उठाया गया था। इसमें दी गई जानकारी के हिसाब से जिले में 4 हजार 884 राजस्व मामले पेडिंग है। इसमें नामांतरण के 1 हजार 523, बंटवारा के 286 और सीमांकन के 405 मामले शामिल हैं। जिले से ज्यादा लंबित प्रकरण रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग हैं। इनका समयबद्ध निराकरण नहीं होने कें कारण राजस्व न्यायालयों की पेडेंसी दिनो-दिन बढ़ती ही जा रही है। अन्य कामों की वजह से नियमित रूप से राजस्व न्यायालय नहीं लग पा रहे हैं। इसके कारण प्रकरणों की सुनवाई तारीख आगे बढ़ती रहती है। नोटिस के बाद जवाब प्रस्तुत होने के बावजूद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ रही है। कई मामलों में पटवारी प्रतिवेदन आने के बाद अंतिम आदेश नहीं हो पा रहे हैं क्योंकि अधिकारी दूसरे कामों में व्यस्त हैं।




**ऐसे है रायगढ़ जिले में पेंडेंसी**

| तहसील | संख्या |
|---|---|
| रायगढ़ | 833 |
| खरसिया | 701 |
| पुसौर | 426 |
| लैलूंगा | 404 |
| घरघोड़ा | 212 |
| तमनार | 248 |
| छाल | 311 |
| धरमजयगढ़ | 296 |
| कापू | 205 |
| मुकडेगा | 42 |

## खरसिया, छाल और पुसौर क्षेत्र में अवैध शराब जब्त

**रायगढ़।** खरसिया, छाल और पुसौर थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। खरसिया पुलिस ने ने गवाहों को नोटिस देकर मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की, जहां आरोपी शिव प्रसाद डनसेना पिता तीजराम डनसेना 38 निवासी कोडाभाठा गीधा को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1400 जब्त किया गया। इसी तरह ग्राम गीधा नहरपार में तिरथराम डनसेना पिता स्व. डमरूधर डनसेना 36 के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमती 1,400 जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। दोनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34,2, 59,क आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं थाना छाल पुलिस को प्राप्त सूचना पर ग्राम गडाईनबहरी रोड तालाब के पास रेड कार्रवाई करते हुए स्कूटी क्रमांक सीजी 13 बीजी 7014 से अवैध रूप से अंग्रेजी शराब परिवहन कर रहे आरोपी उमेश राठिया पिता विक्रम सिंह राठिया 20 निवासी बरभौना को पकड़ा गया।

## एनव्हीएचसीपी के तहत हेपेटाइटिस पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

**रायगढ़।** राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम एनव्हीएचसीपी के अंतर्गत हिपेटाइटिस से संबंधित लक्षण, जांच एवं उपचार विषय पर एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिपेटाइटिस संक्रमण की रोकथामए समय पर पहचान और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना रहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए बताया कि हिपेटाइटिस एक गंभीर लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है, बशर्ते समय पर जांच और उपचार किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से उच्च जोखिम समूहों के प्रति सतर्कता बरतने पर जोर दिया।



# एसएसपी बने बदमाशों के लिए रिंग मास्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के छंटे हुए गुण्डे, निगरानी, बदमाश करीब 100 की संख्या में हाथ बांधे खड़े थे। सामने रिंग मास्टर के तौर पर एसएसपी एसएम सिंह खड़े थे। यह क्लास एसपी ऑफिस में चल रही थी और इन बदमाशों की क्लास ले रहे थे एसएसपी। उनको उनके ही भाषा में कानून की पाठ पढ़ा रहे थे। उनको चेतावनी देते ही हुए कहा कि सुधर जाओ या हम तुम्हें सुधार देंगे। उन्होंने उनको चेताते हुए कहा कि तुम्हारा चेहरा सीसीटीवी में कैद हो रहा है। यदि कहीं कोई घटना हुई तो सबसे पहले तुमको धरा जाएगा। यह कदम पुलिस जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आदतन अपराधियों को अपराध की दुनिया से दूर कर मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में पुलिस द्वारा उठाई जा रही है। शहर के 100 से अधिक निगरानी बदमाशों, गुंडा तत्वों, सजायाफ्ता एवं संदिग्ध प्रवृत्ति के व्यक्तियों को पुलिस कार्यालय में तलब कर उन्हें अपराध छोड़कर सामान्य जीवन जीने की सख्त समझाइश दी। एसएसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी चिन्हित बदमाश अपराध से तौबा कर लें और समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सम्मानजनक जीवन व्यतीत करें, अन्यथा किसी भी प्रकार की शिकायत या आपराधिक गतिविधि सामने आने पर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसएसपी ने कहा कि रोजगार की समस्या से जूझ रहे व्यक्तियों को उनकी योग्यता एवं क्षमता के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन से समन्वय कर सहायता प्रदान की जाएगी। ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें।

### त्योहार में शांति बनाने की कवायद

होली के मद्देनजर एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को थानों के अभिलेखों में दर्ज निगरानी बदमाशों, गुंडा सूची में शामिल व्यक्तियों, सजायाफ्ता और संदिग्ध अपराधियों को थाने में बुलाने कहा गया था। कहा गया था कि उन्हें स्पष्ट चेतावनी दी जाए वे अपराधों से दूरी बनाकर सकारात्मक कार्यों में संलग्न हों। थाना प्रभारियों ने पहले थाने में बदमाशों की क्लास ली। इसके बाद एसएसपी शशि मोहन सिंह ने अपने कार्यालय में उनकी क्लास लगाई। इन चिन्हित बदमाशों को एसपी कार्यालय में उपस्थित कर एसएसपी शशि मोहन सिंह ने उन्हें अपराध से दूर रहने, नशे और बुरी संगत का त्याग करने तथा अपने जीवन की नई शुरुआत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पुलिस ऐसे व्यक्तियों को सुधार का अवसर दे रही है और इस अवसर का लाभ उठाकर वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं।



**खबर संक्षेप**

## पाँच पुलिसकर्मियों की सड़क दुर्घटना में मौत

**झारसुगुड़ा।** झारसुगुड़ा जिले के पाँच पुलिसकर्मियों की एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इस दुखद घटना से पुलिस विभाग और स्थानीय समुदाय में शोक की लहर फैल गई है। दिवंगत अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक शोकसभा का आयोजन किया गयाए जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। स्मृति सभा के दौरान दिवंगत आत्माओं को पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया। वक्ताओं ने पुलिसकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठाए अनुशासन और सेवा भावना को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अधिकारियों ने कहा कि दिवंगत जवानों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया।

## श्री श्याम मंदिर में 44वें श्याम फाल्गुन महोत्सव

**राउरकेला।** बिरसा डाहर रोड स्थित श्याम मंदिर परिसर में गुरुवार को भव्य मंगल पाठ के साथ तीन दिवसीय 44वें श्याम फाल्गुन महोत्सव का शुभारंभ हुआ। आयोजन के साथ ही मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में विवाहित महिलाएं पारंपरिक लाल साड़ी और चुनरी धारण कर मंगल पाठ में शामिल हुईं। उनकी श्रद्धा और उत्साह ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। मंगल पाठ का वाचन चक्रधरपुर से पधारे प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता अमित शीतल चंदक शर्मा ने किया। मधुर भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे आरंभ हुआ। भगवान श्याम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। मंदिर को रायगढ़ से आए कुशल कारीगरों ने ताजे फूलों से आकर्षक ढंग से सजायाए जिससे समारोह की भव्यता और बढ़ गई। श्याम बाबा के सम्मान में दिव्य ज्योत प्रज्वलित की गई तथा परंपरानुसार 56 भोग अर्पित किए गए।

## गुरुंडिया ब्लॉक के सोल में मोबाइल टावर स्थापित

**राउरकेला।** गुरुंडिया ब्लॉक के सोल गांव तथा आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी हुई थी। कई स्थानों पर सिग्नल नहीं मिलने से छात्र छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं ग्रामीणों को आपसी संपर्क, बैंकिंग कार्य और अन्य आवश्यक सेवाओं में भी बाधाएं झेलनी पड़ रही थीं। इस समस्या के समाधान के लिए गांव के समीप एक नया मोबाइल टावर स्थापित किया गया है। टावर शुरू होने के बाद क्षेत्र में नेटवर्क सेवा में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। ग्रामीणों के अनुसार अब फोन कॉल स्पष्ट हो रहे हैं इंटरनेट की गति बेहतर हुई है और ऑनलाइन कार्य पहले की तुलना में अधिक सुगमता से पूरे हो पा रहे हैं। स्थानीय युवाओं का कहना है कि डिजिटल युग में मजबूत नेटवर्क सुविधा अत्यंत आवश्यक हो गई है।

## 100 खातों की जांच, कई म्यूल अकाउंट फ्रीज

**राउरकेला।** शहर में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने व्यापक अभियान शुरू किया है। म्यूल अकाउंट के जरिए अवैध लेनदेन किए जाने की शिकायतों के बाद पुलिस ने करीब 100 संदिग्ध बैंक खातों की जांच शुरू की है। जांच के दौरान कई खातों में संदिग्ध रूप से बड़ी रकम के लेनदेन का खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, साइबर ठग लोगों को मोबाइल कॉल, फर्जी लिंक और ऑनलाइन निवेश योजनाओं का झांसा देकर ठगी कर रहे हैं। ठगी की रकम को सीधे अपने खातों में न रखकर वे म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल करते हैं जिससे जांच एजेंसियों को भ्रमित किया जा सके। ऐसे खाताधारकों को कमीशन देकर उनके बैंक खातों का उपयोग अवैध लेनदेन के लिए किया जाता है। हालिया जांच में कई खातों को अस्थायी रूप से फ्रीज किया गया है जबकि कुछ खाताधारकों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई साइबर कवच अभियान के तहत की जा रही है जिसका उद्देश्य साइबर अपराध की श्रृंखला को तोड़ना है।

### स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए विकास की समग्र कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश

# खेल मैदान, सड़क और प्रकाश व्यवस्था होगी नवगठित नपं की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले की सबसे नवीनतम नगरीय इकाई नगर पंचायत तमनार के सुदृढ़ संचालन और भावी विकास की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने नगर पंचायत कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की तैयारियों, वर्तमान कामकाज की स्थिति तथा उपलब्ध मानव संसाधन की विस्तार से जानकारी ली।

कलेक्टर ने शाखावार पदस्थ कर्मचारियों की संख्या, उनकी जिम्मेदारियों और कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सुचारू संचालन के लिए जितने अतिरिक्त मानव संसाधन की आवश्यकता हो उसका आकलन कर विभागीय कार्यालय को शीघ्र मांग पत्र प्रेषित किया जाए तथा उसकी एक प्रति कलेक्टर कार्यालय को भी उपलब्ध कराई जाए। इस संबंध में नव पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नव मनोनीत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने



नगर पंचायत के सीएमओ और अन्य कर्मचारियों से चर्चा करते कलेक्टर।

कलेक्टर से सौजन्य भेंट कर नगर पंचायत तमनार के समग्र विकास के लिए मांग पत्र सौंपा। कलेक्टर ने कहा कि विकास और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में तमनार को प्रदेश की अग्रणी एवं समृद्ध नगर पंचायत के रूप में स्थापित करने के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाएगी। कलेक्टर ने नवगठित नगर पंचायत में व्यवसायिक परिसर के निर्माण, सुव्यवस्थित खेल मैदान, बाल उद्यान, बड़े गार्डन, आश्रम छात्रावास, स्कूल, आंगनबाड़ी भवन, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था जैसे बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता में रखते हुए ठोस प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध विकास से ही नगर की पहचान और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकती हैं। स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने नियमित साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन और जनभागीदारी आधारित स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगर ही विकास की पहली पहचान होता है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का भी अवलोकन किया और वहां प्रदाय की जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने नागरिकों को समयबद्ध और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सीएमओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पंचायत तमनार के अध्यक्ष अश्वनी कुमार पटनायक, पार्षद सुरेंद्र कुमार साव, योगेश गुप्ता, हेमलाल साव, घरघोड़ा के एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी, तहसीलदार तथा जनपद सीईओ संजय चंद्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अंतराष्ट्रीय मंच पर सम्मानित हुए डॉ. गुलाब चंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



किसी छोटे से नगर के शैक्षणिक परिसर से उठी विचारों की लौ जब अंतराष्ट्रीय मंच तक अपनी आभा बिखेरती हैए तो वह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं रहती बल्कि वह पूरे क्षेत्र की बौद्धिक अस्मिता का विस्तार बन जाती है। शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरौद जिला जांजगीर चांपा के समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. गुलाब चंद भारद्वाज को कुसुम अंतराष्ट्रीय आइडियल अचीवर्स अवार्ड से अलंकृत किया जाना इसी गौरवपूर्ण क्षण की अभिव्यक्ति है।

यह सम्मान गोपाल किरण समाज सेवी संस्था जी के एस एस तथा जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान प्रदान किया गया। नई शिक्षा नीति वर्तमान चुनौतियाँ एवं संभावनाएं विषय पर केंद्रित इस सेमिनार में शिक्षा जगत के प्रखर मनीषियों ने नीतिए प्रयोग और परिणामों के विविध आयामों पर गंभीर मंथन किया। ऐसे बौद्धिक परिवेश में डॉ. भारद्वाज का सम्मानित होना उनके कार्य की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। डॉ. भारद्वाज को यह अलंकरण उनके विशिष्ट साहित्यिक अवदान, समाजशास्त्रीय दृष्टि की गहराई, शैक्षणिक नेतृत्व और समाजहित में सतत सक्रियता के लिए प्रदान किया गया। उनके व्यक्तित्व में शोध की गंभीरता, लेखनी की संवेदनशीलता और प्रशासनिक दक्षता का संतुलित समागम दिखाई देता है। वे उन शिक्षाविदों में से हैं जो शिक्षा को केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं मानते, बल्कि उसे सामाजिक चेतना और मूल्य संवर्धन की प्रक्रिया के रूप में देखते हैं।

# बीजेपी घरघोड़ा मंडल ने बड़े उत्साह के साथ निकाली रैली

**घरघोड़ा।** राजनीतिक ऊर्जा, संगठनात्मक एकजुटता और अनुशासित जनसहभागिता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भारतीय जनता पार्टी, घरघोड़ा मंडल द्वारा आयोजित भव्य रैली बुधवार को अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

जिला भाजपा द्वारा विभिन्न मोर्चों के मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री की घोषणा के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया जिसने नगर का व्यापक ध्यान आकर्षित किया। दोपहर 3 बजे स्थानीय विश्राम गृह रेस्ट हाउस से प्रारंभ हुई रैली अनुशासित कतारों और जोशपूर्ण नारों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जय स्तंभ चौक तक पहुँची। मार्गभर कार्यकर्ताओं का उत्साह और अनुशासन देखने योग्य रहा। रैली में युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चाए अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं



अल्पसंख्यक मोर्चा के नव नियुक्त पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वरिष्ठ नेताओं के साथ युवा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ने संगठन की मजबूती और समन्वय का स्पष्ट संदेश दिया। घोषित पदाधिकारी इस प्रकार हैं युवा मोर्चा मंडल अध्यक्षरू भोलू उरांव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्षरू अनुराधा पैंकरा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भगतराम राठिया, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्षरू जय प्रकाश गुप्ता, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्षरू अम्बिका सोनवानी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्षरू समयनाथ मांझी, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्षरू गुरुनाम सिंह पोथिवाल, इसके अतिरिक्त घरघोड़ा मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश पटेल, मंडल महामंत्री हंसराज गुप्ता एवं कुमुदिनी राठिया, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री सोनू सिंह सिदार तथा जिला पंचायत सदस्य मुरली राठिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अनिता ने बजट को विचार हीन और युवा वर्ग के लिए बताया छलावा

**कोसीर।** महिला मोर्चा उलखर कोसीर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अनिता संदीप बनज ने राज्य सरकार की इस बजट को एक विचार हीन बजट बताया अर्थात सोचे समझे ये भाजपा सरकार की अनगिनत पहलू है इसलिए तो बजट से साफ जाहिर होता जहां जितनी और जिस विभाग मे जरूरत है उसके आधार पर बजट केवल शून्य के बराबर है। आखिर विचार कर सकते है इस बजट से कोसीर क्षेत्र की बहुत अर्से से मांग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की निर्माण वही महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र स्वीकृति की बजट धरी की धरी रह गई।द क्षेत्र वासी इस बजट के कितने आस लगाए उम्मीद कर बैठे थे कि कोसीर क्षेत्र के स्वास्थ्य व शिक्षा को ध्यान मे रखकर क्षेत्र वासियो के बजट प्रस्ताव कर शामिल करेंगे लेकिन एक बार फिर कोसीर भाजपा की सरकार में उपेक्षा की शिकार हुआ इसी तरह युवा बेरोजगार वर्ग के साथ भी स्पष्ट रूप से छलावा किया जा रही है।

# बजट को सत्ताधारियों ने सराहा तो विपक्ष ने बताया छलावा

**पुसौर।** छत्तीसगढ़ को स्थापित हुए 26 साल हो गए जिसकी शुरूआत कांग्रेस सरकार से प्रारंभ हुई और 15 साल भाजपा शासन के बाद पुनः कांग्रेस 5 साल रही और फिर से भाजपा को तीन वर्ष हो चुके हैं। इन तीन सालों में सरकार का प्रस्तुत बजट को ज्ञान गति और संकल्प की संज्ञा दी गई है। इसमें सत्तारूढ दल के लोग बजट को विकासोन्मुखी करार देते हैं तो दूसरी ओर विपक्ष के लोग शब्दो का जाल समझते हैं। पुसौर नगर अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी ने प्रस्तुत बजट को लेकर कहा कि यह सुशासन सरकार की सतत विकास यात्रा है जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1.72.000 करोड़ रुपए का अनुमानित समावेशी बजट वित्तमंत्री ओपी चौधरी के द्वारा पेश किया गया। ये छत्तीसगढ़ को संवारने वाला बजट है। जो प्रदेश के हर वर्ग को राहत देने वाला यह बजट विष्णु सरकार का कल्प बजटहै।

### लोगों ने बजट को लेकर ऐसे दी प्रतिक्रिया

नगर उपाध्यक्ष उमेश साव ने कहा कि यह तो तय है कि अपने विधायक और मंत्री ओपी चौधरी द्वारा जो भी बजट प्रस्तुत किया जा रहा है वह संषोधित और परिमार्जित है जो सार्वजनिक हित से जुड़ा हुआ है। पहले जो बजट प्रस्तुत होता था उसे विभाग के सचिव और आईएएस तय करते थे चूंकि ये स्वयं आईएएस हैं तो निःसंदेह बजट सर्वजन हिताय एवं सर्वजन सुखाय रहा है।

वरिष्ठ कांग्रेसी व पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रोहित पटेल ने उक्त बजट को केवल और केवल पुंजीपतियों का कहा और बतौर प्रलोभन महिलाओं को जमीन रजिस्ट्री में 50 प्रतिशत का छुट दिया है। यह छुट केवल पुंजीपतियों को ही मिलेगा चूंकि मध्यम वर्गीय लोगों को महंगाई में घर चलाना मुष्किल है तो जमीन कहां से खरीदेंगे।

वरिष्ठ अधिवक्ता तेजराम मालाकार ने बताया कि बीते वर्ष प्रस्तुत किए गए बजट से मात्र 7 प्रतिशत ही वृद्धि हुआ है और इस बजट को 2047 का विजन बता रहे हैं। आदिवासी बस्तर क्षेत्र के जल जंगल जमीन को उद्योगपतियों के हाथ सौपने का संकल्प का थीम इस बजट में हैं। पिछले वर्ष की तुलना में मात्र पांच हजार करोड की वृद्धि किया गया है जो विजन को झुठलायेगा यह तो तय है।

वरिष्ठ समाज सेवी सीताराम चौहान ने उक्त बजट में किसानों के लिये कोई लाभ नहीं होना बताया चूंकि जमीन के दर को वृद्धि कर किसानों को खेती वाली जमीन अब संभव नहीं हो पा रहा है। जमीन के बढे हुए दर में पुंजी पति ही फायदा उठा रहे हैं चूंकि उनके सारे दो नंबर पैसा एक नंबर में तब्दील हो जा रहा है इस प्रकार यह बजट केवल और केवल सरकार अपनी राजस्व आय बढाने के साथ ही पुंजीपतियों के लिये ही लाया है।

## केवड़ाबाड़ी में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन का महापौर ने किया निरीक्षण, शीघ्र मरम्मत के दिए निर्देश

**रायगढ़।** केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की सूचना मिलते ही महापौर जीवर्धन चौहान ने जल विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को तत्काल मरम्मत कर जल आपूर्ति व्यवस्था शीघ्र बहाल करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सभापति, एमआईसी सदस्य मुक्तिनाथ बबुआ, पार्षद प्रतिनिधि संदीप क्षत्रीय, निगम के एई सूरज देवांगन, सब इंजीनियर मुन्ना ओझा सहित निगम के कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि यह पाइपलाइन 32 एमएलडी फिल्टर प्लांट से ओवरहेड टैंक में पानी भरने वाली मुख्य फीडर लाइन है, जिससे वेयरहाउस एवं राजीव नगर पानी टंकियों में जल आपूर्ति की जाती है। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से जल आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए महापौर ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। महापौर चौहान ने कहा कि नगरवासियों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है और मरम्मत कार्य जल्द पूर्ण कर आपूर्ति सामान्य की जाएगी।



# घुटने के दर्द से परेशान मरीज के सफल ऑपरेशन से मिली नई जिंदगी

**रायगढ़।** डॉ. आर पटेल यूरोलॉजी एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक बार फिर चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता को साबित किया है। अस्पताल के सर्जन डॉ. विमल नायक और कुशल टीम ने एक जटिल टोटल नी रिप्लेसमेंट को सफलतापूर्वक अंजाम देकर एक ऐसे मरीज को नया जीवन दिया है, जो पिछले कई वर्षों से चलने-फिरने में पूरी तरह अक्षम हो चुका था। मरीज पिछले 3-4 वर्षों से घुटनों के गंभीर गठिया यानी नी ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित था। घुटने की हड्डियां पूरी तरह घिस जाने



के कारण मरीज का सामान्य रूप से चलना भी दूभर हो गया था। स्थिति इतनी विकट थी कि मरीज न तो घुटने मोड़ पा रहा था और न ही जमीन पर बैठ पा रहा था। डॉ. विमल नायक ने केस का गहन अध्ययन करने के बाद टोटल नी रिप्लेसमेंट का निर्णय लिया। सर्जरी के दौरान अत्याधुनिक तकनीकों और उच्च गुणवत्ता वाले इंप्लांट का उपयोग किया गया। डॉ. नायक के अनुभव और अस्पताल के उन्नत ऑपरेशन थिएटर की मदद से यह जटिल सर्जरी पूरी तरह सफल रही। इस सफल ऑपरेशन का सबसे सुखद परिणाम यह रहा कि मरीज ने सर्जरी के दूसरे ही दिन महज 24 घंटे के भीतर अपने पैरों पर चलना शुरू कर दिया। जो मरीज सालों से कदम बढ़ाने से डरता था, उसके चेहरे पर अब दर्द रहित मुस्कान है। डॉ. विमल नायक ने कहाः मरीज की रिकवरी उम्मीद से कहीं अधिक उत्साहजनक है।

## जपं सदस्य प्रतिमा ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

**कटेली।** जनपद पंचायत सारंगढ़ क्षेत्र क्रमांक 21 की सदस्य श्रीमती प्रतिमा बरिहा ने ग्राम सुवरगुड़ा के किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम सुवरगुड़ा पंचायत देवगांवद्ध के किसानों का हस्ताक्षर केड़ार मंडी में कराए जाने से किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूरी अधिक होने के कारण किसानों को समय और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा हैए साथ ही आवागमन में भी कठिनाई हो रही है। श्रीमती प्रतिमा बरिहा ने मांग की है कि किसानों की सुविधा, सुरक्षा एवं हितों को ध्यान में रखते हुए हस्ताक्षर एवं धान खरीदी से संबंधित सभी प्रक्रियाएं भंडीसार मंडी में ही यथावत संचालित की जाएं। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र आवश्यक आदेश जारी कर किसानों को राहत प्रदान करने की अपील की है। इस संबंध में श्रीमती प्रतिमा बरिहा ने कहा कि शकिसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए प्रशासन को सकारात्मक पहल करनी चाहिए। भंडीसार मंडी में ही समस्त प्रक्रिया जारी रखना किसानों के हित में होगा।



# सांसद ने कहा प्राथमिकता से हो टर्मिनल अमृत भारत स्टेशन का निर्माण

- समझौता अनुसार सभी ट्रेनों का स्टॉपेज रायगढ़ में किया जाए
- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय उपयोगकर्ता परार्शदात्री समिति की बैठक

**रायगढ़।** सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा है कि तात्कालीन रेल मंत्री नितिश कुमार ने रायगढ़ रेल टर्मिनल का 2001 में शिलान्यास किया था लेकिन अब तक निर्माण नहीं हो पाया है। इसी प्रकार अमृत भारत रायगढ़ स्टेशन निर्माण गुणवत्ता विहिन व अत्यधिक विलंब होने और प्राक्कलन अनुसार सही निर्माण कार्य नहीं होने पर चिंता व्यक्त करते हुए, रेलवे के उच्चाधिकारियों को गुणवत्तापूर्वक निर्माण कार्य कराने का अनुरोध किया है।

उन्होने रेलवे स्टेशन के परिदृष्य मोतीमहल के अनुसार अमृत भारत स्टेशन का निर्माण होना है लेकिन उसका ढ़ांचा अब तक नहीं बन पाया है। सांसद सिंह कल दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के क्षेत्रीय उपयोगकर्ता परामर्षदात्री समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि बंगाल नागपुर रेल लाईन निर्माण के दौरान ब्रिटिश शासन व राजा भुपदेव सिंह के मध्य समझौता हुआ था कि रायगढ़



स्टेशन से जो भी ट्रेन गुजरेगी वह सभी ट्रेनें रायगढ़ में स्टॉपेज अनिवार्य होगा। इसके लिए राजा भुपदेव सिंह ने अपनी हजारों एकड़ जमीन तत्कालीन ब्रिटिश रेलवे सरकार को सौंपा था लेकिन आज पर्यन्त सात ट्रेनों क्रमशः 17321, 20821, 12101, 12767, 12949, 12869, 07255 का स्टॉपेज रायगढ़ में नहीं हो रहा है। इसके लिए खेद व्यक्त करते हुए रायगढ़ स्टेशन में सभी ट्रेनों का स्टॉपेज समझौता अनुसार देने का अनुरोध किया। बैठक में सांसद सिंह ने रायगढ़ औद्योगिक, वाणिज्यिक एवं भौगोलिक महत्व को देखते हुए रेलवे जक्षन व रेलवे टर्मिनल का निर्माण मांग की, उन्होंने रायगढ़ में संगीत सम्राट महाराजा चक्रधर सिंह के नाम पर नए रेलवे स्टेशन चक्रधर नगर निर्माण कराने के साथ ही सात ट्रेनों का रायगढ़ में स्टॉपेज देने, रायगढ़ से नई दिल्ली वन्दे भारत एक्सप्रेस, इसी प्रकार गोण्डवाना सुपरफास्ट टेन में पेण्ट्रीकार की व्यवस्था, रायगढ़ रेलवे स्टेशन में भीड़ की समस्या को देखते हुए प्लेटफार्म संख्या बढ़ाकर प्लेटफार्म 4 व 5 का निर्माण की मांग किया। इसी प्रकार आम नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर में प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र दवाई दुकान स्टेषन के मध्य में प्राथमिकता से प्रारंभ कराने की मांग की। सांसद श्री सिंह ने प्रधानमंत्री के मंषानुरूप वोकल फॉर लोकल के तहत रायगढ़ जिले के सुप्रसिद्ध एकताल के ढ़ोकरा आर्ट एक स्टेशन एक उत्पाद के अंतर्गत स्टॉल दिए पर बल दिया।







